**Need to run Vande Bharat/Amrit Bharat train from Chhapra/Siwan Junction to Delhi, Kolkata and Varanasi-laid**

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) :** महोदय, मैरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा, बिहार उत्तरी बिहार के सारण प्रमंडल के सिवान एवं सारण (छपरा) जिला में विस्तारित है । इन जिलों का उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग के कई जनपदों से सीमावर्ती लगाव है । ऐसे में उत्तर प्रदेश और बिहार के आम जनता का रेल से आवागमन हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा जं.एवं सिवान जं.का आमतौर पर उपयोग किया जाता है । आज आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में तेज गति से कम समय में देश के अंदर रेल से आवागमन हेतु "बंदे भारत/अमृत भारत" ट्रेन चलायी जा रही है । इसलिए जनहित में मेरा भी मांग है कि छपरा जं.या सिवान जं. से दिल्ली, कोलकता और वाराणसी के लिए एक बंदे भारत ट्रेन चलाया जाये ।

अत : माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि छपरा जं.या सिवान जं.से उपर्युक्त स्थानों के लिए वंदे भारत/अमृत भारत ट्रेन का संचालन जल्द से जल्द कराया जाये ताकि हमारे संसदीय क्षेत्र सहित उत्तर बिहार के आम जनता को आधुनिक रेल सुविधा का लाभ मिल सके ।